तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 पूर्व प्रधानमंत्री राजीव की याद में मनाया आतंकवाद...



12 बेलसोंडा ने तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के...



**खबर संक्षेप**

### आज प्रवास पर रहेंगे बीज निगम अध्यक्ष

**महासमुंद।** छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 22 मार्च को बेमेतरा एवं कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहेंगे। दोपहर 12 बजे वे बेमेतरा जिले के ग्राम पथर्रा स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे ग्राम पथर्रा के चंद्रयान हेल्थ केयर अस्पताल का अवलोकन कर चिकित्सकों से चर्चा करेंगे। शाम 4 बजे चंद्राकर जिला कबीरधाम के ग्राम घोटिया स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी में सम्मिलित होंगे।

# अवैध संचालित मवेशी बाजार को आपत्ति के बाद अफसरों ने कराया बंद

## बिना नीलामी और बंदरबांट के लिए लगातार मनमाने तौर पर किया जा रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डेढ़-दो साल बिना नीलामी अवैध रुप से संचालित हो रहे समीपस्थ ग्राम बरोंडाबाजार के मवेशी बाजार को आपत्ति के बाद बुधवार को बंद कराया गया। दरअसल, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा इस बाजार में गौ तस्करों की सक्रियता के चलते इसे बंद किए जाने की मांग उठी थी। जिसके बाद पिछले दो सप्ताह तक बाजार बंद रहा। लेकिन, बुधवार को पंचायत और जनपद अफसरों के प्रश्रय के चलते एक बार फिर बाजार सजा।


बता दें कि विधिवत नीलामी सूचना का प्रकाशन और नीलामी नही होने के बाद भी पंचायत सचिव द्वारा रसीद बुक जारी कर दिया गया। इस संबंध में सामने आई आपत्तियों के बाद और प्रशासनिक अफसरों की दखल से बाजार बंद हुआ। बता दें कि हाल ही में राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विसंभर पटेल के सामने भी बाजार में हेराफेरी और गौ तस्करी की शिकायत सामने आने के बाद इसे बंद किए जाने के निर्देश दिए जा चुके थे। इसके बावजूद यहां से अवैध तौर पर होने वाली आवक और बंदरबांट के चलते अफसर और जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे रहे।

उल्लेखनीय है कि बरोंडाबाजार में संचालित मवेशी बाजार की वैधता के संबंध में जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया जिसमें यह बात सामने आई कि पंचायत द्वारा बाजार का संचालन अवैध तरीके से किया जा रहा है। कार्रवाई के लिए एसडीएम के समक्ष जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत होने के बावजूद खास बात यह है कि कतिपय जनपद अफसरों की शह पर ही बाजार संचालन हो रहा था।

### गौवंश को बूचड़खाने तक पहुंचाने में बड़ा गिरोह शामिल

मवेशी बाजार से पंचायत रसीद की आड़ में यहां मवेशी तस्करों के बड़ा गिरोह सक्रिय है। जानकारों के अनुसार यहां मवेशी खरीदकर इसे ओडिशा के कोकनाझार ले जाया जाया है। यहां से गोवंश बूचड़खाने ले जाये जाते हैं। सस्ते दामों में मवेशियों को खरीद कर 50 रुपए की रसीद का हवाला देकर गौवंशों को हकालते अथवा वाहनों के माध्यम से ओड़ीशा सीमा पार कराया जाता है। जांच होने पर गौ तस्कर इस रसीद को ढाल बनाकर इस्तेमाल करते हैं।





### हिस्सेदारी के चलते तो नही मौन स्वीकृति?

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम और जिले के आला अफसरों के निवास के नजदीक ही संचालित इस अवैध मवेशी बाजार में कतिपय अफसरों और जनप्रतिनिधियों की हिस्सेदारी की बात सामने आई है। प्रत्येक मवेशी के बिक्री पर क्रेता द्वारा पंचायत को 50 रुपए की रसीद प्राप्त करनी होती है। लेकिन, रसीद के एवज में 500 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। हर सप्ताह सैंकड़ों मवेशियों की बिक्री से प्रत्येक से मिलने वाली 450 की राशि जो की लाखों में होती है, इन्ही अफसरों और जनप्रतिनिधियों में बंट रही है, और यही मौन इनकी हिस्सेदारी को लेकर सवाल खड़े कर रहा है।

### बाजार संचालन नियम विरूद्ध

बरोंडाबाजार में मवेशी बाज़ार का संचालन नियम विरुद्ध है। इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। बुधवार को बाज़ार संचालन की जानकारी पर अधिकारी को निर्देशित कर बाज़ार पुनः बंद कराया गया है। नियम विपरित बाजार नही लगेगा।

**- एस आलोक,**
सीईओ जिपं महासमुंद

## आयोजन : नगर पालिका क्षेत्र में लगा तीसरा समाधान शिविर

# अंतिम पक्ति के लोगों तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र का तीसरा समाधान शिविर बुधवार को वार्ड क्रमांक 15 पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित हुआ। शिविर में 10 वार्डों के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने शिविर में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं एक हितग्राही को श्रमिक कार्ड वितरण किया तथा गोद भराई और अन्नप्राशन सम्पन्न कराया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्थानीय पार्षदगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं जनसमूहों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं और सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे कराया गया है। ताकि, कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न रह जाए और सभी को पक्का मकान मिल सके। शिविर के दौरान पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर तभी सार्थक होगा जब लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण हो। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों और आवश्यकताओं को सीधे सुनकर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल ने कहा कि राज्य सरकार बहुत महती कार्यक्रम के साथ जनता के द्वार तक पहुंच रही है। इस अवसर पार्षदगण हरबंश सिंह ढिल्लो, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, माखन पटेल, शुभ्रा शर्मा, चंद्रशेखर बेलदार, माधुरी यदु, धनेश्वरी सोनवानी, गुलशन साहू, जय देवांगन एवं मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, महेंद्र सिक्का, गोविंद ठाकुर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक सलामे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इसी तरह महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली पूर्व माध्यमिक शाला एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सपोस गुरूघासीदास खेल मैदान में समाधान शिविर लगा।



**खास बातें**

- अब सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपए तक उपचार की पात्रता होगी
- स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी
- दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं हितग्राही को श्रमिक कार्ड वितरित किया गया

### गोदभराई और अन्नप्रासन्न कराया

शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म एवं नन्हें बालक का अन्नप्राशन की रस्म पूर्ण किया। वहीं मुख्य अतिथि सिन्हा द्वारा प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में कक्षा 4थी में अध्ययनरत दिव्यांग डॉली नेताम को श्रवण यंत्र एवं उच्च प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत दिव्यांग पोखराज को एमआर किट प्रदान किया गया। साथ ही हसीदा देवार को श्रमिक कार्ड दिया गया।

### समाधान शिविर का नाम आश्वासन शिविर रखना चाहिए: डॉ. रश्मि



महासमुंद। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने सुशासन तिहार को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने समाधान शिविर का नाम आश्वासन शिविर रख देने की पेशकश की। हर शिविर में यही देखने को मिल रही हैं। सब जगह बोला जा रहा है कि समस्याओं का समाधान कर रहे है, लेकिन समाधान नजर नहीं आता। शिविर में जाकर पूछने पर अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। शिविर में पहुंचने वाले लोगों को उनकी समस्या का समाधान करने की जगह हाथ में आश्वासन ही लगा है। समाधान शिविर के नाम पर भारतीय जनता पार्टी अपनी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है। डॉ चंद्राकर ने कहा कि यदि कोई आवेदक सीसी रोड या मवेशी आश्रय निर्माण की मांग किया है तो आवेदक को जानकारी दे रहे हैं। शासन से बजट उपलब्ध होने के पश्चात नियमानुसार स्वीकृति के कार्यवाही की जाएगी आवेदक आवास मांग रहे हैं तो प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस 2.0 अंतर्गत सर्वे और लक्ष्य प्राप्त होने पर पात्रतानुसार लाभान्वित किए जाने का आश्वासन दिया जा रहा है।

# शहर में कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली

## संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार और महासमुंद कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारतीय संविधान को कमजोर करने का जो प्रयास किया जा रहा है एवं बार-बार सांसद एवं सांसद के बाहर बीजेपी के नेताओं द्वारा संविधान उल्लंघन किया जा रहा है और भाजपा के नेता व मंत्री जो बयानबाजी कर रहे हैं कि भारत के संविधान को बदलना है उन सभी नेताओं के खिलाफ कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा भारतीय संविधान को मजबूती प्रदान करने के लिए संविधान बचाओ रैली का आयोजन गांधी कांग्रेस भवन से भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समापन किया गया।

डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि संविधान को लागू करने वाले लोग ही संविधान को अच्छा या बुरा का निर्धारण करेंगे, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका को चलाने वाले लोग ही संविधान की गरिमा को बना सकते हैं या बिगाड़ सकते हैं। आज बीजेपी के मंत्री वा नेता लोग खुलेआम संविधान के खिलाफ बयानबाजी कर संविधान को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं, जो कि बर्दाश्त के काबिल नहीं है।



संविधान से खिलवाड़ के विरोध में संविधान बचाओ यात्रा में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक, पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सदस्य, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, दुर्गा सागर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष, अक्षय साकरकर, भरत ठाकुर अधिवक्ता, मिंदर चावला, शकील खान, तबरेज खान, रविंद्र महानंद, जावेद चौहान, भूमिका ध्रुव, ब्रिजेन बंजारे, कविता तिवारी सेवादल, सोनम रामटेके, हेमलता निषाद पिथौरा पार्षद, हर्षित चंद्राकर, तुलसी साहू, गोपी पाटकर, मोतीलाल साहू, संतोष धीवर, प्रहलाद ध्रुव, बसंत चंद्राकर, रवि साहू, सचिन गायकवाड़, आकाश निषाद, गोपीचंद तारक, बलदेव बांदे, नुकेश महंत, सागर डोंगरे भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# घोंच का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना शोपीस, ताले में जकड़ी स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

- 8 महीने से बंद पड़ा अस्पताल, जिम्मेदारों की चुप्पी से बढ़ी ग्रामीणों की पीड़ा

जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम घोंच में लाखों रुपए की लागत से तैयार हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए केवल शोपीस बनकर रह गया है। 6 माह पहले इसके औपचारिक उद्घाटन के बावजूद यहां ताला लटक रहा है। इसके चलते ग्रामीणों को इलाज के लिए पिथौरा या महंगे निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है। भवन तैयार है, बोर्ड लगे हैं, परिसर की दीवारें रंगी-पुती हैं। लेकिन सेवाओं पर ताला जड़ा हुआ है।

गौरतलब है कि यह अस्पताल करीब 6 माह पूर्व औपचारिक रूप से उद्घाटित भी किया गया था। नेताओं ने फीता काटकर इसे शुरू करने की घोषणा की, लेकिन हकीकत यह है कि उद्घाटन के बाद से ही यहां न डॉक्टर हैं, न स्टाफ और न ही कोई बुनियादी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। उद्घाटन केवल एक राजनीतिक औपचारिकता बनकर रह गया, जिससे ग्रामीणों के बीच गहरी नाराजगी है। घोंच पंचायत और आसपास के 20 से अधिक गांवों के हजारों लोग इस स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 10 पर



### स्टाफ की कमी

यहाँ के लिए एक डॉक्टर की स्वीकृति मिली है, लेकिन अन्य स्टाफ की कमी के कारण अस्पताल चालू नहीं हो पा रहा है।

**– डॉ बीबी कोसरिया**
खण्ड चिकित्सा अधिकारी, पिथौरा

### सुविधाएं नहीं मिलीं

ग्राम घोंच में पहले उपस्वास्थ्य केंद्र संचालित था, जिसे बढ़ाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया गया। भवन निर्माण पूरा हो चुका है और परिसर भी तैयार है। मगर स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी के चलते अब तक यह अस्पताल शुरू नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यहां डॉक्टर, नर्स और अन्य स्टाफ की स्थायी तैनाती नहीं होगी, तब तक अस्पताल केवल दिखावे का ही बना रहेगा।

### ग्रामीणों की मांग

अब ग्रामीणों की एक ही मांग है कि सरकार इस दिशा में तत्काल कार्रवाई करे और सभी स्वीकृत पदों पर नियुक्ति कर इस अस्पताल को सक्रिय रूप से शुरू करवाए, ताकि लोगों को उनके ही गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और उन्हें इलाज के लिए भटकना न पड़े।

### आज और कल जिले में 6 स्थानों पर लगेगा समाधान शिविर

**महासमुंद।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में समाधान शिविर 30 मई तक आयोजित होगा। जिले में कुल 49 समाधान शिविर का आयोजन किया जाना हैं। अब तक 33 समाधान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें नगरीय निकाय में 06 एवं जनपद पंचायत अंतर्गत 27 शिविर आयोजित हुआ है। इसी क्रम में 22 मई को एक स्थान पर सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगनीपाली माध्यमिक शाला में शिविर का आयोजन होगा तथा 23 मई को 05 स्थानों पर शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका परिषद सरायपाली कार्यालय परिसर, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुन्देली पूर्व माध्यमिक शाला भवन, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भूकेल स्वामी आत्मानंद स्कूल, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडरीदादर एवं महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झलप हाई स्कूल में शिविर आयोजित किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### शिक्षक पद समाप्ति से आक्रोशित छात्र, कहा- प्रयोगशाला ना बनाएं

रायपुर। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण, 35 हजार शिक्षक पदों की समाप्ति सहित 4000 शासकीय विद्यालयों को बंद करने को लेकर एनएसयूआई ने अपना विरोध दर्ज कराया है। अपनी मांग लेकर एनएसयूआई पदाधिकारी मंत्रालय पहुंचे। यहां उन्होंने लोक शिक्षण संचालनालय में विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा, छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यवस्था नहीं, प्रयोगशाला बना दिया गया है। शिक्षक पद समाप्त करना और स्कूल बंद करना सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार पर हमला है। यह निर्णय प्रदेश के गरीब, ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के बच्चों से उनकी बुनियादी शिक्षा छीनने जैसा है।

### रोड एक्सीडेंट में घायलों को मिलेगा अब डेढ़ लाख रुपए तक निशुल्क उपचार

रायपुर। रोड एक्सीडेंट में घायलों को अब अपने इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी कर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्षों एवं पुलिस अधीक्षकों के नाम पत्र लिखा है। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए इस पत्र में कहा गया है कि 5 मई 2025 से प्रवृत्त सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी उपचार स्कीम 2025 की प्रभावशीलता के साथ मोटरयान के प्रयोग से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के दौरान किसी भी अस्पताल में वह अपना इलाज डेढ़ लाख रुपए तक निःशुल्क करा सकता है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कि इन बिंदुओं के अनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस स्कीम के लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटा बेस (आईआरएडी) पोर्टल मददगार होगा।

### बैठक : कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

# सुशासन तिहार, अटल पोर्टल और शासकीय योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं में शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार शाम 5:30 बजे से देर शाम तक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित कर विभागीय कार्यों की प्रगति तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक के दौरान सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण 31 मई 2025 तक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाल ही में महासमुंद प्रवास के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन के लिए सभी अधिकारियों को त्वरित एवं सक्रिय कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर लंगेह ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर आदिवासी विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, पीएचई, पीएमश्री स्कूल, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत विभिन्न विभागों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने औसत या निम्न स्थिति वाले विभागों को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर दर्ज आंकड़े ही प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और कार्यकुशलता का आधार हैं, इसलिए किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभागों को समय-सीमा में सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी सीईओ और सीएमओ को सख्त निर्देश दिए है कि लाभार्थियों से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निरीक्षण करें, कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता न हो। उन्होंने महतारी वंदन योजना समेत हितग्राहीमूलक योजनाओं में ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली और शेष बचे हुए सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शालाओं और शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पारदर्शिता और शासन नियमों के अनुसार समय-सीमा में पूरी की जाए। स्कूलों का युक्तियुक्तकरण 25 मई तक और शिक्षकों का 10 जून तक पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य को प्राथमिकता देकर स्कूली शिक्षा में संतुलन और गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करें। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का तेजी से गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने राजस्व संबंधी सेवा को बेहतर करने के लिए राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर विजिट करने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि हर घर जल योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें पूर्ण सजगता और गंभीरता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीएमओ को निर्देश दिए हैं कि वे मिशन मोड में कार्य करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। साथ ही, सरकारी अस्पतालों में जांच के दौरान आयुष्मान योजना का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को योजना से जोड़ने पर जोर दिया गया है।

# मांगों को लेकर समाधान शिविर में पहुंची दिव्यांग सविता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तृतीय समाधान शिविर टाउन हाल में दिव्यांग सविता निषाद अपने ट्रायसिकल से पहुंची थी। टाऊन हाल सभागार तक नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, पार्षद पीयूष साहू एवं युवा नेता हर्ष साहू ने उनकी मदद करते हुए ट्रायसिकल से ही सभागार में प्रवेश कराया और उनके शिविर में दो आवेदन लिए। राठी ने बताया कि दिव्यांग सविता निषाद वार्ड नं. 14 की निवासी है। दिव्यांग होने के बावजूद उंची सोच और आत्मविश्वास से भी भरी हुई सविता 6 जनवरी 2025 को जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी में भाग ली थी। उन्हें तीरंदाजी के लिए फीट होने का भी डाक्टर से प्रमाण पत्र प्राप्त है। वह चाहती है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग से उन्हें तीरंदाजी में और प्रशिक्षित किया जाए, जिससे छग का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें। उन्होंने समाधान शिविर के माध्यम से नगर पालिका को आवेदन किया है कि खेल विभाग में तीरंदाजी किट की मांग की थी। लेकिन, उन्हें उपलब्ध नही कराया तब वह अपने निजी पैसे 11 हजार रुपए का किट खरीदी। सविता ने दूसरा आवेदन अपने रोजगार के लिए दिया है। राठी ने बताया कि शिविर में भारी भीड़ थी। अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर जनता का आना सुबह 10 बजे से प्रारम्भ था।

### महापौर ने नगरवासियों से की अपील बालकनी में गमले न रखें

रायपुर। महापौर मीनल चौबे ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए गमले अथवा अन्य भारी वस्तुएं बालकनी की रेलिंग या किनारे पर न रखें। ऐसी वस्तुएं तेज हवा, कंपन या हल्के धक्के से नीचे गिर सकती हैं। इसीलिए इन बातों का पालन करें। महापौर ने कहा है कि गिरते हुए गमलों से गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिनमें राहगीरों को गंभीर चोट या आकस्मिक मृत्यु का सामना तक करना पड़ सकता है।किसी भी सार्वजनिक या निजी भवन की ऊपरी मंजिलों की बालकनी से नीचे गिरने वाली वस्तुएं नागरिकों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं।

### भूरकोनी में गाड़ा समाज को मिलेगा सामुदायिक भवन, विधायक ने दी 10 लाख की स्वीकृति

**पिथौरा (ग्रामीण)।** ग्राम भुरकोनी में गाड़ा समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मंजूरी मिल गई है। खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने विधायक निधि से 10 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह निर्णय समाज के पदाधिकारियों की पहल और बैठक के बाद लिया गया। 20 मई को भूरकोनी में आयोजित एक आवश्यक बैठक में कौड़िया परिक्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सामुदायिक भवन की आवश्यकता पर चर्चा की। बैठक में यह बात सामने आई कि गाड़ा समाज के पास अब तक कोई स्थायी भवन नहीं है, जिससे सामाजिक कार्यक्रमों में कठिनाई होती है। इस दौरान समाज के पदाधिकारी यदुनाथ चौहान अध्यक्ष, बसंत कुमार क्षेत्रपाल उपाध्यक्ष, रामरतन चौहान कोषाध्यक्ष, छबिलाल बघेल सचिव, लोचन चौहान मीडिया प्रभारी, अशोक कुमार सोनवानी, खीरराम जगत, मनोज कुमार चौहान, देवनारायण सोनवानी, नोहर तांडी और यादराम चौहान सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# नाली, पानी, सड़क, बिजली की मांग को लेकर वार्डवासियों ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जगत विहार कालोनी के रहवासियों ने कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, नाली की मांग के छग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के समस्या निवारण शिविर पहुंचकर मांग पत्र सौंपा।

भूपेन्द्र चन्द्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महासमुंद के हृदय स्थल में स्थित जगत विहार कालोनी को 2020 में विधिवत नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव पारित कर वैध कालोनी घोषित किया गया था। जिसके एवज में कालोनी में भवन निर्माण पर अनुमति लेने पर आठ गुना टेक्स लगाकर 40 रुपए प्रति वर्ग फिट विकास शुल्क लेकर उस राशि को कालोनी के विकास में ही खर्च करने के लिए सहमति बनी थी और ऐसा क़ानून भी हैं, लेकिन पालिका द्वारा आज 5 साल बीत जाने के बाद भी एक ढेले की राशि कालोनी के विकास में नहीं लगाया हैं। कालोनी में मुख्य मार्ग को छोड़ कर सारे मार्ग कच्चे हैं। नाली और पेयजल की सुविधा का आभाव है। कालोनी में भवन निर्माण करने वालों को स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पा रहा हैं। विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर में लोड का हवाला देकर मात्र अस्थाई कनेक्शन देकर अपना पल्ला झाड़ ले रही हैं। कालोनी के रहवासी लाखों रुपए के विकास शुल्क देने के बाद भी अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर है। भूपेन्द्र ने आगे कहा कि इससे एक वर्ष पहले भी शासन द्वारा ऐसे ही एक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें आमजन से समस्या लिखित में लिया गया था, जिसका आज तक समाधान नही हुआ है। सरकार समाधान से समाधान तक तो नही खेल रही है। आज आक्रोशित कालोनीवासियों ने इस विषय पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर मांग पत्र सौंपा, जिस पर विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विद्युत विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर को मौके पर बुलाकर समझाईश दिए एवं अन्य मांगों को राज्य शासन को भेज कर तत्काल कार्यवाही की बात कही।

इस दौरान भूपेन्द्र चन्द्राकर, वार्ड पार्षद गुलशन साहू, दीपक साहू, जय प्रकाश साहू, शंकर लाल चन्द्राकर, प्रकाश चन्द्राकर, हरिकृष्ण भार्गव, अशोक साहू, भरत साहू, परमानंद चन्द्राकर, बंशी चन्द्राकर, केआर चन्द्राकर, कमलेश साहू, मनीष चन्द्राकर, उमेशानंद गिरी, भुनेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

# सपोस में समाधान शिविर का आयोजन, 3895 में से 3857 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)





सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम सपोस में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सेक्टर से जुड़े 15 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 3895 आवेदन पत्रों में से 3857 का त्वरित निराकरण किया गया। शेष 38 आवेदन शासन स्तर से संबंधित होने के कारण प्रक्रियाधीन हैं।

शिविर में बसना विधानसभा के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा, जनपद सदस्य कंवलजीत सिंह छाबड़ा, पुरुषोत्तम धृतलहरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल (अम्बू), विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा एवं निज सचिव नरेंद्र बोरे भी उपस्थित थे। अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन के साथ हुआ। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। अब आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा मायावती यादव, इंद्रजीत साहू, बिहारी विशाल, सतपती बरिहा, रूपसिंह पटेल एवं प्रेमलाल कलेत को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बैंक लोन वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक अग्रवाल ने मां गौरियापाठ एवं मां लोहरीनबाई महिला समूह को 6-6 लाख रुपए, जागृति, प्रगति, जय मां गंगा व राधे महिला समूहों को 2 से 3 लाख रुपए के चेक प्रदान किए। साथ ही 20 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए तथा ग्राम सपोस की बालिका लक्ष्मी चौहान को नोनी सुरक्षा योजना का लाभ प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा लोहराकोट के 16 हितग्राहियों को भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। वहीं आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनसुला, श्रीमुखो एवं सनवा के हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सपोस सरपंच किशोरचंद्र बघेल सहित क्षेत्र के अन्य सरपंच, जनप्रतिनिधि, एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह, सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर, तहसीलदार नितिन ठाकुर, शिविर प्रभारी रामनारायण पटेल, सह प्रभारी अजय साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक व स्कूल शिक्षा विभाग आमने-सामने, शिक्षकों ने पूछा- दो टीचर कैसे पढ़ाएंगे? जवाब- कमरे ही दो हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संघ, 23 संगठन 28 को करेंगे मंत्रालय घेराव

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के आगे बढ़ते ही शिक्षा विभाग व शिक्षक संघ के बीच तकरार बढ़ता हुआ दिख रहा है। एक ओर शिक्षा विभाग की ओर से युक्तियुक्तकरण को संतुलित व गुणवत्ता पूर्ण बताया जा रहा है, वहीं शिक्षक टीचर्स एसोसिएशन ने युक्तियुक्तकरण को शिक्षा गुणवत्ता से खिलवाड़ व शासकीय शाला को कमजोर करने का प्रयास बताया है। शिक्षक संघ ने शासन से कई सवाल करते हुए छात्र-पालक व शिक्षकों का पक्ष रखा है। उनके द्वारा मंगलवार को सचिव शिक्षा व डीपीआई को अल्टीमेटम दिया गया है कि यदि एक सप्ताह में विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त नहीं किया जाता है तो 28 मई को 23 संगठन मिलकर मंत्रालय का घेराव करेंगे। सभी संघ मिलकर सर्व शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के बैनर में विरोध करेंगे। दूसरी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी शिक्षक संघ द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए सभी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद 2008 के सेटअप की प्रासंगिकता नहीं रह गई है। जिन बिंदुओं पर शिक्षक संघ द्वारा घेराव सहित विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है, उन बिंदुओं पर स्कूल शिक्षा विभाग ने अपना पक्ष रखा है। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि युक्तियुक्तकरण पूर्णतः नियमों के अनुसार किया जा रहा है।

### शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थ होंगे अतिशेष शिक्षक

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, 2008 के सेटअप के अनुसार प्रायमरी स्कूलों में न्यूनतम एक प्रधान पाठक और दो शिक्षक प्रावधानित हैं। मिडिल स्कूलों में एक प्रधान पाठक और 4 शिक्षक प्रावधानित है। युक्तियुक्तकरण में एक-एक पद कम करके इसे 1+1 और 1+3 कर दिया गया है। प्रदेश में 30700 प्राथमिक शाला संचालित है, जहां एक सहायक शिक्षक का पद कम किया जा रहा है। इसके अलावा 13149 पूर्व माध्यमिक शाला संचालित हैं, यहां भी शिक्षक का 1 पद कम किया जा रहा है। इस तरह से 43849 पद समाप्त हो गए और यही शिक्षक अब अतिशेष बनाये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि अतिशेष शिक्षकों को शिक्षक विहीन स्कूलों में पदस्थ किया जाएगा। किसी भी शिक्षक को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा।

### 17000 स्कूलों में शिक्षकों का अनुपात अधिक

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, देवनाथ साहु, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, शैलेंद्र यदु, डॉक्टर कमल वैष्णव, प्रदेश सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक ने कहा है कि जरा सोचकर देंखे शिक्षाविद व शिक्षा विभाग प्रायमरी स्कूलों में कम से कम 5 शिक्षक होना चाहिए। पहली से पांचवी कक्षा तक मिलाकर 18 पीरियड होते हैं। 2 शिक्षक 18 पीरियड नहीं पढ़ा सकते हैं। इस पर स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुसार, 60 से कम दर्ज संख्या वाले विद्यालयों में दो शिक्षक होने चाहिए तथा एक शिक्षक के लिए एक कक्ष होना चाहिए। इसके अलावा प्रदेश में संचालित 30700 प्राथमिक शालाओं में से 17000 विद्यालय ऐसे हैं, जहां 20 से कम विद्यार्थियों पर एक शिक्षक का अनुपात है। अर्थात विद्यार्थियों की तुलना में शिक्षक अधिक हैं।

# मोमिनपारा में बोरवेल पर मलबा से केसिंग पाइप जाम, केलकर पारा में नाली पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



### नाली पर अवैध दीवार, अब टूटेगी

इंदिरा गांधी वार्ड स्थित केलकर पारा में 2 व्यक्तियों द्वारा नाली पर कब्जा कर अवैध दीवार बना दी गयी है। इससे नाली की सफाई नहीं हो रही है। सभापति ने नाली पर बनायी गयी दीवार तत्काल तोड़कर नाली सफाई कराने जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे और जोन स्वास्थ्य अधिकारी निर्देश दिये। इस दौरान जोन 2 कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया, उप अभियंता सुधीर भट्ट, निर्मल तिग्गा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंगलवार को उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, आयुक्त विश्वदीप और एमआईसी सदस्य अवतार बागल ने बारिश पूर्व नालों की सफाई देखने फील्ड में उतर कर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। सभापति ने मोमिनपारा में निगम के बोरवेल पर मलमा डालकर केसिंग पाइप जाम करने की जानकारी मिलने पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने निगम के अधिकारियों से संबंधित व्यक्ति को तत्काल नोटिस देकर नियम अनुसार क्षतिपूर्ति वसूलने निर्देश दिए। इसी तरह केलकर पारा में 2 व्यक्तियों द्वारा नाली पर किये गये अवैध कब्जे को जल्द तोड़कर नाली सफाई कराने निर्देश दिए।

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने निगम सभापति और आयुक्त के साथ जोन 2 क्षेत्र में नाले-नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। स्थल पर समीक्षा कर अधिकारियों को जयस्तंभ चौक से मधु स्वीट्स, बाम्बे मार्केट होकर रजबंधा मैदान क्षेत्र होते हुए बड़े नाले में गंदे पानी का निकास जोड़ने प्रस्ताव जल्द बनाकर देने निर्देश दिए, ताकि गंदे पानी का निकास तेजी से हो सके। सभापति ने तात्यापारा, बढ़ईपारा, अमीनपारा, केलकर पारा स्टेशन रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कल्लू गैरेज मौदहापारा से जोन 2 कार्यालय तक नया नाला निर्माण करने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने निर्देश दिए हैं।

09 के शेष ...

### घोंच का प्राथमिक स्वास्थ्य ...

प्रसव, बुखार, चोट या किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित होता है। सरकार की योजनाएं कागजों में दम भर रही हैं, जबकि जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। ग्राम पंचायत घोंच के सरपंच पवन कुमार साहू ने बताया कि गांव की जनसंख्या लगभग 5 हजार है और यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोंच सहित आसपास के करीब 20 गांवों को लाभान्वित कर सकता है। लेकिन, लगातार मांग और पत्राचार के बावजूद भी यह स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों को प्रसव सहित अन्य बीमारियों के इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भारी खर्च उठाना पड़ रहा है। मिली जानकारी अनुसार इस केंद्र के लिए चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, महिला स्वास्थ्य कर्मचारी, सहायक ग्रेड-3, वार्ड बाय और आया सहित कुल 12 पद स्वीकृत हैं, लेकिन अब तक सिर्फ एक डॉक्टर की ही स्वीकृति मिली है। बाकी स्टाफ की नियुक्ति अब तक नहीं हो पाई है, जिससे अस्पताल का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा।

दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
• कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
• कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
• मुँह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
• नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
• चक्कर आना
• टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
• खर्राटों का इलाज़
• नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
• नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
• आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
• थाइरोइड की समस्या का इलाज़
• नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
► सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा

डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप



### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बिरकोनी में निकाली तिरंगा यात्रा

**बिरकोनी।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम बिरकोनी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरपंच चंदन चन्द्राकर की अगुवाई में ग्राम पंचायत भवन बिरकोनी में तिरंगा प्रदर्शन किया गया। उन्होंने ने अपने संबोधन में कहा कि यह तिरंगा यात्रा न सिर्फ सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, बल्कि नए भारत की एक झलक भी है। एक ऐसा भारत जो हर चुनौती का सामना करने को तैयार है और हर मोर्चे पर विजयी होकर आगे बढ़ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में भव्य तिरंगा प्रदर्शन किया गया। देशभक्ति गीतों तथा तिरंगा हाथ में लेकर यात्रा निकाली गई। भारत माता की जय , भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से ग्राम गूंज उठा। इस अवसर पर सचिव शंकर साहू, सरपंच चंदन चन्द्राकर, उपसरपंच गिरीश चन्द्राकर, महावीर निषाद, गोविंद साहू, कमल साहू, कृपा यादव, भागवत पटेल, फागुलाल साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर, डोलू साहू, हेमराज चन्द्राकर,जगदीश साहू, सुनीता, जानकी चन्द्राकर, सुनीता मांडे, सन्तोषी निषाद, कोतवाल गोकुल सोनवानी, योगेश मानिकपुरी के अलावा स्वसहायता समूह के महिलाओं व ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित, अंतिम तिथि 31 जुलाई

**महासमुंद।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा हर वर्ष असाधारण उपलब्धियों एवं अनुकरणीय साहस का परिचय देने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2025 के लिए इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। योग्य बच्चों के नामांकन भारतीय बाल कल्याण परिषद, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे।

# सपोस में सजी खेल प्रतिभाओं की महफ़िल, विधायक ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

## सारंगढ़ बना क्रिकेट चैंपियन, भुलतूला को हराकर जीती 151 लाख की ट्रॉफी, टूर्नामेंटर में प्रदेशभर के 150 टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

ग्राम सपोस में चल रहे रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन भव्यता के साथ हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सारंगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भुलतूला की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी के साथ 1,51,000 रुपए की नगद राशि पर कब्जा जमाया। उपविजेता रही भुलतूला की टीम को 51,000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं तीसरे स्थान पर रही लाती की टीम को 30,000 रुपए व ट्रॉफी तथा चौथे स्थान पर रही अंशुला की टीम को 15,000 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।





समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ संपत अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष उषा पुरषोत्तम घृतलहरे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरषोत्तम घृतलहरे, कवलजीत छाबड़ा, हरप्रसाद पटेल, सरपंच किशोर बघेल एवं विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा सहित अन्य अतिथिगण मंचस्थ रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करते हैं। यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करता है, बल्कि क्षेत्र को भी खेल जगत में नई पहचान दिला रहा है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से युवा ऊर्जावान बनते हैं और समाज में अनुशासन व समर्पण की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खेल का समावेश आवश्यक है। स्वस्थ शरीर ही सफलता की कुंजी है, और खेल से ही स्वस्थ्य जीवन संभव है। उन्होंने युवाओं को प्रतिदिन कुछ समय खेल के लिए निकालने की सलाह दी। जनपद सदस्य पुरषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि सपोस ने खेल आयोजन के क्षेत्र में प्रदेशभर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस वर्ष टूर्नामेंट में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 150 टीमों ने भाग लिया, जो आयोजन की सफलता और लोकप्रियता का परिचायक है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नरेंद्र बोरे, सुधीर पालेश्वर, मनोज ठाकुर, उत्तम पटेल, प्रदीप साहू, निरंजन यादव, प्रहलाद पटेल, नरोत्तम साहू, संतोष ठाकुर, हरिचरण प्रधान, बबीता बघेल, पूजा ठाकुर, अश्वनी, विशाल, जीवनलाल दाता, कमल रात्रे, किशोर यादव, लखन, सुरेश यादव, छगन बैनर्जी, वृंदावन बंजारा, विकास बघेल, अविनाश बघेल, रविशंकर बंजारा, हितेश प्रधान, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 22 से 29 मई तक छत्तीसगढ़ में होगी वीर अहीर राष्ट्रीय रज कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा द्वारा भारत की सीमा लद्दाख के रेजांगला में शहीद वीर अहीरो के रज कलश को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर यात्रा 13 अप्रैल 2025 को बिहार के छपरा से अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वप्न कुमार घोष, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शताब्दी समारोह चेयरमेन सत्य प्रकाश सिंह यादव एवं दिनेश यादव राष्ट्रीय रज कलश यात्रा संयोजक व पूर्वी जोन प्रभारी पीतांबर दास यादव के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई है। भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की मांग, भारत में जातिगत जनगणना एवं यादवों में सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक चेतना जागरण के उद्देश्य से यादव वीरता अहीर सम्मान का प्रतीक अहीर वीरों के रक्त समाहित राष्ट्रीय रज कलश यात्रा 22 मई को झारखंड गुमला में यात्रा प्रभारी राजेश यादव, जिला अध्यक्ष जगदीश यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव देवधारी यादव कलश यात्रा लेकर छत्तीसगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। 22 मई सायंकाल 4 बजे कलश यात्रा जशपुर पहुंचेगी। जशपुर में स्वागत सम्मान रैली कार्यक्रम के पश्चात रात्रि विश्राम होगा।

23 मई जशपुर से रज कलश यात्रा कुनकुरी पहुंचेगी। जहां पर पूजा अर्चना सम्मान के पश्चात दोपहर भोजन अवकाश व सायं 5:00 बजे पत्थलगांव पहुंचेगी। जहां पूजा सम्मान स्वागत पश्चात रात्रि विश्राम पत्थलगांव में होगा। 24 मई सुबह 8 बजे पत्थलगांव से यात्रा प्रारंभ होकर 11 बजे धरमजयगढ़ पहुंचेगी। जहां अखिल भारत वर्षीय

**वीर भूमि रेजांगला की पवित्र माटी के सम्मान में यादवो की तैयारी पूर्ण, छत्तीसगढ़ के कोने कोने में पहुंचेगी यात्रा**

यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव यात्रा प्रदेश प्रभारी डीआर यादव सहित प्रदेश सचिव ममता यादव व छोटेलाल यादव द्वारा राष्ट्रीय रज कलश को लेकर सायं 4:00 बजे कोरबा पहुंचेंगे। जहां पर स्वागत पूजा अर्चना सम्मान के पश्चात रात्रि विश्राम होगा। 25 मई को सुबह यात्रा कोरबा से प्रारंभ होकर जांजगीर चांपा जिला प्रस्थान करेगी। जांजगीर चांपा जिला प्रवेश पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष गिरधारी यादव के अगुवाई में कलश यात्रा प्रात 10 बजे से जांजगीर चांपा जिला भ्रमण होगा। जहां जगह-जगह स्वागत सम्मान के पश्चात दोपहर 2:00 बजे सक्ति जिला अध्यक्ष संतोष यादव व ग्रामीण जिला अध्यक्ष छोटेलाल यादव को कलश सौंपी जाएगी।

सक्ति जिला में सम्मान स्वागत के पश्चात रज कलश शिव यादव प्रदेश महामंत्री व संतोष यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष रायगढ़ को सौपकर रायगढ़ के लिए प्रस्थान होगा। करोड़ीमल नगर सायं 4 बजे पहुंचने पर इंजीनियर एसडी यादव, जय किशन यादव, अशोक यादव, कमलेश यादव, अजय राय यादव, संतोष यादव, अरुण यादव, शिव बहादुर यादव, अखिलेश यादव एस एल यादव की उपस्थिति में यात्रा किरोड़ीमल नगर में रैली सम्मान पूजा श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। तत्पश्चात रायगढ़ में नगर भ्रमण सम्मान सहित श्रद्धांजलि आयोजित होगी। 26 मई को सुबह रायगढ़ से यात्रा सारंगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। सारंगढ़ जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव को प्रातः 10 बजे कलश प्रदान किया जाएगा। सारंगढ़ में यात्रा भ्रमण पश्चात 4 बजे सरायपाली में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव, रामाश्रय यादव और कार्यकारी जिला अध्यक्ष पवन यादव कलश प्राप्त कर नगर भ्रमण श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। रात्रि भोजन विश्राम सरायपाली में होगा। 27 मई सुबह यात्रा सरायपाली से बसना होते हुए पिथौरा के लिए प्रस्थान करेगी। सुबह 10 बजे पिथौरा पहुंचने पर मुकेश यादव प्रदेश सलाहकार कलश प्राप्त करेंगे एवं पिथौरा में भ्रमण पश्चात यात्रा रायपुर के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान आरंग में दोपहर 2 बजे संजय यादव यादव, शोभा यादव, कमल यादव, मंजू यदु, मिथिलेश यादव, राहुल यादव के साथ यात्रा रायपुर पहुंचकर रायपुर में भ्रमण रैली स्वागत पूजा अर्चना रात्रि विश्राम रायपुर होगा। 28 मई को यात्रा सुबह रायपुर में रैली के रूप में भ्रमण करते हुए महासमुंद के लिए प्रस्थान करेंगी। महासमुंद में रामाश्रय यादव, विनोद यादव कलश प्राप्त करेंगे और महासमुंद में भ्रमण के पश्चात रात्रि विश्राम होगा। 29 मई को सुबह 8 बजे महासमुंद में रामाश्रय यादव व विनोद यादव के साथ नगर भ्रमण और फिर बागबाहरा के लिए यात्रा प्रस्थान सुबह 11 बजे बागबाहरा पहुंचने पर महासमुंद और बागबहरा के संयुक्त टीम द्वारा स्वागत। बाद उड़ीसा प्रदेश टीम को कलश सौंपा जाएगा। 22 मई से लेकर 29 मई 2025 तक छत्तीसगढ़ में सतत रूप से चलने वाली इस यात्रा को लेकर यादवों में अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। यह जानकारी अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने दी है।

# सनातन धर्म के खिलाफ कर रहे थे दुष्प्रचार शिकायत पर पुलिस ने बंद कराया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के नए मंडी में संत रामपाल के अनुयायियों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भक्तजनों व अनुयायियों को सनातन धर्म के खिलाफ जानकारी दी जा रही थी। इसकी सूचना मिलते ही नगर में विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देने के बाद नई मंडी पहुंचकर कार्यक्रम को बन्द कराया।

विहिप व बजरंग दल ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से हमारे देश के एक कुख्यात अपराधी जिस पर हत्या, अपहरण, देशद्रोह और अवैध सामग्रियों के संग्रहण जैसे जघन्य अपराधों के अनगिनत मामले दर्ज हैं और जो वर्षों से जेल में बंद है। उसी तथाकथित संत रामपाल के दूषित और विकृत विचारधारा को हमारे छत्तीसगढ़ उनके अनुवाइयों द्वारा दूषित और विकृत विचारों से भरे साहित्यों को समाज में वितरण कर जिसमें उपलब्ध विषय और विचारों से हमारे सनातन धर्म की धार्मिक मान्यताओं और आस्था आहत होती है। गत कुछ वर्षों में जिले में भी इनकी सक्रियता बहुत तेजी से बढ़ी है। उनसे जुड़े व्यक्तियों द्वारा छोटे बड़े शिविरों के माध्यम से भाले सैकड़ों हिंदुओं को एकत्रित कर उन्हें लंबे चौड़े मनगढंत भाषणों में सनातन धर्म की अपने लाभ के अनुरूप अशुद्ध, अभद्र व्याख्या कर उनका वैचारिक रूप से मांतरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी संदर्भ में 18 मई को सुबह ही सरायपाली के नई कृषि उपज मंडी में भी ऐसा एक आयोजन हो रहा था, जिसकी सूचना कार्यकर्ताओं को मिलने के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा उस आयोजन की वीडियोग्राफी की गई। जिसमें प्रोजेक्टर द्वारा अपने दूषित, विकृत और विषैले भाषणों से हमारे सनातन धर्म की धार्मिक मान्यताओं पर कुठाराघात किया जा रहा था, जिसका विरोध विश्व हन्दु परिषद्



एवं बजरंग दल, धर्म जागरण एवं हिन्दू समाज द्वारा किया गया। इस घटना पर लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई है और प्रशासन एवं पुलिस विभाग को लिखित और मौखिक रूप से आग्रह किया गया है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों पर यदि अंकुश नहीं लगाया गया। इससे समाज में तनावपूर्ण वातावरण निर्मित होगा जिससे शांति भंग होने की संभावना बनी रहेगी। बजरंग दल ने बताया कि यह शिविर सुबह के समय गुप्त रूप से आरंभ किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और भोले-भाले हिंदू जनसमुदाय को आमंत्रित किया गया था। उपस्थित प्रवर्तकों द्वारा सनातन धर्म की मूल संहिताओं जैसे भगवतगीता पुराण, देवी-देवताओं की पूजा, मंदिर परंपरा आदि को भ्रमित और विकृत तरीके से प्रस्तुत कर यह सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि वर्तमान हिंदू परंपराएं भ्रामक हैं और केवल एक विशेष विचारधारा ही सत्य है।

### वीडियो रिकॉर्डिंग में खुला सनातन विरोधी षड्यंत्र

कार्यकर्ताओं द्वारा की गई वीडियोग्राफी में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कथित प्रवक्ता बार-बार सनातन देवी-देवताओं का अपमान कर रहे हैं, सनातन ग्रंथों का उपहास उड़ा रहे हैं और यह कह रहे हैं कि आज तक हिंदू समाज अंधकार में था, अब एकमात्र सत्य यही है। यह न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध भी है। इस अवसर पर मयंक पाणीग्राही, गुड्डू जायसवाल, शेषाचार्य महाराज, योगेश शर्मा, विकाश महापात्र, प्रदीप साहू, कौशल पटेल, विवेक शर्मा, राज गोस्वामी, अर्जुन कुजूर, राकेश पाणीग्राही, नरेंद्र मांझी, मनीष साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खोल्हा एवं बोड़ा सांभर राज की बैठक में नर्राराज के पदाधिकारी हुए शामिल



**नर्रा।** मरार समाज खोल्हा एवं बोड़ा सांभर राज ओडिशा के तेली नुवापाड़ा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नर्राराज पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शांकभरी देवी की पूजा अर्चन कर की गई। इसके बाद दोनों राज के पदाधिकारीयों का स्वागत फूलमाला व गुलाल लगाकर किया। सभा को संचालित करने के लिए सभापति के रूप में धनसिंह पटेल मांण्डोसीली को नियुक्त किया गया। बाद छग और ओडिशा दोनों राज से संबधित प्रकरण के आवेदन को सभापति के आदेशानुसार सचिव ने पढकर सुनाया। चर्चा के बाद दोनों पक्ष से पूछताछ के बाद जजमेंट व निष्कर्ष यह निकला कि यह फैसला आगामी तिथि के लिए टाल दी गई। इस दौरान सभापति धनसिंह पटेल, संयोजक लोचन पटेल, अनुदराम पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, राधे पटेल, सुराज पटेल, नेतराम पटेल, माखनलाल पटेल, राधेश्याम पटेल, पुनीतराम पटेल, देवलाल पटेल, लक्ष्मण पटेल, पदुमलाल पटेल, कुंज बिहारी, भनतराम पटेल आदि मौजूद रहे।

# शिविर में दिव्याग बच्चों को सहायक उपकरण व किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर निकाय महासमुंद के टाउन हॉल में आयोजित समाधान शिविर में दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्राप्त सहायक उपकरणों एवं किट का वितरण किया गया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दिव्यांग बच्चों को आवश्यक शिक्षण उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, सीएमओ अशोक सलामे, पार्षद हरबंस सिंह नानू भाई, पवन पटेल,चन्द्रशेखर बेलदार, माखन पटेल, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यदु, राहुल आवडे एवं संबंधित वार्डों के पार्षदगण, शिक्षा विभाग से बीआरसीसी जागेश्वर



सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, बीआरपी अनीता निर्मलकर, सीएसी पवन साहू, सुरेंद्र चन्द्राकर, प्रधान पाठक कामनी चन्द्राकर, धारिता चन्द्राकर, शिक्षक प्रभा चन्द्राकर, भारती सोनी, सोनल साहू, प्रीति मांझी, दिलेश्वर साहू उपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा की कक्षा चौथी की छात्रा डाली नेताम को श्रवण यंत्र एवं उच्च प्राथमिक शाला स्टेशनपारा के कक्षा आठवीं के छात्र पोखराज को एमआर किट प्रदान की गई। यह पहल दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करने तथा समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किए गए इस प्रयास से न केवल उनकी शैक्षणिक उपलब्धियाँ बढ़ेंगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करने में भी सहायता मिलेगी।



### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के शहादत दिवस एवं पहलगाम हमले में शहीद हुए आमजनों की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिलाध्यक्ष अमन चन्द्राकर के नेतृत्व में शासकीय जिला अस्पताल महासमुंद में किया गया। रक्तदान शिविर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकाश निषाद, कुणाल चन्द्राकर, सौरभ लोधी, अक्षय साकरकर, पुष्पेन्द्र, गुलशन साहू, परमानंद साहू, चन्द्राकर, मोंटी, संजय, सुरेन्द्र,राजा, टकेश, प्रकाश, उत्तम, गुमान आदि मौजूद रहे।

### समाधान शिविरों में खानापूर्ति का आरोप



**पिथौरा (ग्रामीण)।** सुशासन के नाम पर विकासखण्ड में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों को लेकर कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन शिविरों में केवल खानापूर्ति की जा रही है और जनता को सिर्फ आश्वासन देकर टरकाया जा रहा है। जांगड़े ने बताया कि शिविरों में दिखावे के लिए मंच पर केवल चुनिंदा विभागों के अधिकारियों को बुलाया जा रहा है, ताकि विवाद या तीखे सवालों से बचा जा सके। विवादित विभागों के अधिकारियों को मंच से दूर रखा जा रहा है। मंच पर गिनती के आवेदनों का उदाहरण देकर खानापूर्ति की जा रही है, जिनका चयन भी विभागीय अधिकारी अपनी सुविधा अनुसार कर रहे हैं।

# ज्योति कलश रथ यात्रा गांव-गांव जाकर संकल्प पत्रिका किया भेंट

## गायत्री परिवार के आदर्शों और संदेश को जन मानस तक पहुंचाने का कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी व अखण्ड ज्योति (दीप) के शताब्दी वर्ष 1926 - 2026 के पावन पर्व पर संपूर्ण भारत वर्ष में अखण्ड दीप ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली गई है। यह रथ विगत दिनों गायत्री शक्तिपीठ सरायपाली पहुंची छः दिनों तक सरायपाली के विभिन्न वार्डों सहित अंचल के लगभग 60 गांवों में भ्रमण कर लोगों तक विचार क्रांति अभियान चलाया व जनमानस तक पहुंचाया गया। अखण्ड ज्योति रथ यात्रा प्रत्येक गांव में परिजनों, ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संकल्प पाठ में सहभागिता कर कार्यक्रम



को भावपूर्ण बनाया। इस धार्मिक सामाजिकजनजागरण रथ यात्रा में अनेक समर्पित परिजनों ने सक्रिय योगदान दिया। सभी लोगों ने गांव गांव भ्रमण कर रथ यात्रा में सत्संकल्प पत्र के लिए लोगों को गायत्री चालीसा अखण्ड ज्योति पत्रिका गुरुदेव का सद साहित्य भेंट किया गया। इस दौरान लोगों को सतमार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया गया। गांव-गांव में रथ यात्रा पहुंच कर गायत्री परिवार के आदर्शों संदेशों को जन मानस तक पहुंचाया गया। यह रथ यात्रा सरायपाली क्षेत्र के 60 से अधिक गांवों का भ्रमण कर सत्संग दीप यज्ञ के माध्यम से लोगों तक विचार क्रांति का संदेश दिया। इस दौरान लोगों को गायत्री चालीसा अखण्ड ज्योति पत्रिका गुरु के सद साहित्य का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में घायलों का इलाज होगा कैशलेस



**महासमुंद।** भाजपा के किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अब इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने इसकी व्यवस्था कर दी है। राजपत्र में प्रकाशन कर देशभर के राज्यों में इस निर्देश का पालन करने कहा गया है। घायलों का राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इलाज कैशलेस होगा। राज्य सरकार इसके लिए अस्पतालों का चिन्हांकन करेगी और जरुरी दिशा निर्देश जारी करेगी। गजट प्रकाशन और दी गई सुविधाओं पर नजर डालें तो प्रत्येक घायलों को केंद्र सरकार द्वारा इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए का लिमिट तय कर दिया है।

### ड्यूटी में लापरवाही के कारण सहायक शिक्षक राहुल बैपारी निलंबित

**महासमुंद।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला गहनाखार में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) राहुल बैपारी के विरुद्ध लगे आरोप जांच में सही पाए गए हैं। सहायक शिक्षक बैपारी पर विद्यालय समय पर उपस्थित नहीं रहने, शाला में अनियमित रूप से आने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप थे। जांच में यह पुष्टि हुई कि शिक्षक की कार्यप्रणाली छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विरुद्ध है। इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें पूर्व में स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु इसके बावजूद उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं देखा गया। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे ने प्राप्त तथ्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत राहुल बैपारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सरायपाली निर्धारित किया गया है। नियमों के तहत निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।



### समस्याओं का समाधान कर रहे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू वार्डों का सतत भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4,17 तथा 18 का भ्रमण कर पेयजल, सफाई, मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 4 में नयापारा के ऊपरी इलाके से पहुंच रही गंदा पानी फैलने की जानकारी नागरिकों ने उन्हें दी, जिस पर तत्काल कर्मचारियों को पानी निकासी की व्यवस्था बनाने निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की मांगों व समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े आदि उपस्थित थे।

**स्मरण:** राजीव पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव की याद में मनाया आतंकवाद विरोध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय कांग्रेस भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आधुनिक भारत के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी का 34वां बलिदान दिवस को पूरी निष्ठा एवं श्रद्धा भक्ति के साथ आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया।

राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह आर्थिक हो, सामाजिक हो, राजनीतिक, वैज्ञानिक, टेक्नोलॉजी या विदेशी नीति में नित नई-नई उपलब्धियां भारत देश को मिली। राजीव, पंचायती राज के प्रबल पक्षधर थे। वह पंचायती राज के माध्यम से प्रजातंत्र की नींव मजबूत करना चाहते थे। उनकी आत्मीय सोच थी कि व्यक्ति को अपने भौतिक अधिकार एवं भौतिक कर्तव्यों का पूर्ण



ज्ञान हो और वह उसकी इमानदारी से पालन करें। गांव की पंचायत को खुद निर्णय लेने का अधिकार हो। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी विचारधारा ही हमारे इस महान देश की अकेली प्रासंगिक विचारधारा है। इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों ने आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में शपथ भी ली।

कार्यक्रम में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक, पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सदस्य, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, दुर्गा सागर जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष, अक्षय साकरकर, भरत ठाकुर अधिवक्ता, मिंदर चावला, शकील खान, तबरेज खान, रविंद्र महानंद, जावेद चौहान, भूमिका ध्रुव, ब्रिजेन बंजारे, कविता तिवारी सेवादल, सोनम रामटेके, हेमलता निषाद पिथौरा पार्षद, हर्षित चंद्राकर, तुलसी साहू, गोपी पाटकर, मोतीलाल साहू, संतोष धीवर, प्रहलाद ध्रुव, बसंत चंद्राकर, रवि साहू, सचिन गायकवाड, आकाश निषाद, गोपीचंद तारक, बलदेव बांदे, नुकेश महंत, सागर डोंगरे, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### भागवत कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत



**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम खैरा स्थित मांगलिक भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत शामिल हुए। उन्होंने भागवत भगवान की पूजा कर नगर की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने द्वारिका धाम से वापस लौटे तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया।

## नाचा गम्मत के संरक्षण, संवर्धन एवं उत्थान के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कर छत्तीसगढ़ के प्राचीन विधा में से एक छतीसगढ़ संस्कृति के अनमोल धरोहर छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत को संरक्षण, संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए नाचा गम्मत से जुड़े कलाकारों के पीड़ा को अवगत कराया। प्रदेश के 18 जिलों में 455 नाचा गम्मत संस्था के लगभग 20000 कलाकार नाचा गम्मत से जुड़कर कलाकारी कर जीवकोपार्जन कर रहे हैं। शासन प्रशासन के समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर अपने नाटक के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए जनजागृति जनचेतना एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुति से स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ समाज परिवार को एक सुन्दर संदेश देने का कार्य कर रहे हैं। किंतु, शासन-प्रशासन द्वारा कोई भी प्रकार के प्रोत्साहन न मिलने के कारण आने वाले दिनों में यह विधा विलुप्त होने जैसे संकट से जूझ रहा है।

## बेलसोंडा ने तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के शौर्य और साहस का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ ग्रामीणों में जगाया देशभक्ति का जज्बा, दिखा भारी उत्साह

समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा में मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में न केवल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया, बल्कि यह देशभक्ति प्रेम और समर्पण की भावना को और मजबूत किया। ग्राम बेलसोंडा की तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का उत्साह और जोश इस बात का प्रमाण था कि देश और सेना के प्रति उनका प्रेम



और समर्पण अटूट है।

यह यात्रा न केवल देशभक्ति को बढ़ावा देती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करती है। यह यात्रा ग्राम बेलसोंडा के बजरंग चौक से भाटापारा स्वागत द्वार तक निकाली गई। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की टीम ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों और वीर जवानों को दिया। ग्रामीणों ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करता है।

## बागबाहरा में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा नगर एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के नागरिकों ने मंगलवार की शाम 5:30 बजे दुर्गा मंदिर प्रांगण से भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में नरेश चंद्राकर, दुर्गा वस्त्रकार, विनोद यादव, सुरेश मोहंती, पाषर्दगण प्रेम साहू, लोकेश्वर चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण बागबाहरा रूपेश साहू, राजेश बागानी, विश्वनाथ पाणिग्रही, मदन देवांगन, मोतीलाल पुजारा, नंद कुमार निर्मलकर, सुभाष वर्मा, यशवंत जिंदल, कृष्ण



चंद्राकर, प्रहलाद मानिकपुरी, अखिलेश मिश्रा, नरेंद्र पटेल, मनीष अवसरिया, शालिनी देशपांडे, विद्या प्रसाद चंद्राकर, जितेंद्र साहू, संतोष सोनवानी, परमानंद चंद्राकर, राजेश नायक, गोवर्धन पटेल, महेश वैष्णव, देव पटेल कौशल साहू, नितेश पांडे, गिरीश चक्रधारी, सत्येंद्र सिंह अनिल सिंह, भावेश तिवारी, अशोक दीप, भीष्म चक्रधारी, देवानंद शर्मा, मातृशक्तियों में प्रमुख खुशबू चक्रधारी, मीना सोनवानी, लक्ष्मी तिवारी, ज्योति यादव, अनुराधा यादव, रानी चंद्राकर, सोनम सोनी लीना साहू, तामेश्वरी वर्मा, सीमा चंद्राकर, टिकेश्वरी चक्रधारी, उषा सिंह, कुमारी साहू, धनेश्वरी साहू, परी पटेल, पिंकी प्रधान, निशा यादव, गीता पटेल, आस्था पांडे, सुमन पांडे आदि शामिल हुए।

## एक्सीडेंट में घायल लोगों के लिए संजीवनी बनेगी नगदी उपचार स्कीम योजना : पप्पू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


केंद्र में मोदी की सरकार जो अंत्योदय सिद्धांत को जमीन पर अमल कर रही है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति (सबसे गरीब, कमजोर) के उत्थान और विकास पर केंद्रित है। यह सिद्धांत समाज के सभी वर्गों के लिए विकास और कल्याण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है। इसी भाव को लेकर यह योजना सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों के इलाज के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना लागू की है, जो निश्चित रूप से देशवासियों के लिए संजीवनी साबित होगा।

केंद्र सरकार ने नगदी उपचार स्कीम 2025 को लॉन्च कर दिया है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। सड़क परिवहन एवं हाइवे मंत्रालय ने सोमवार को इस योजना को शुरू कर दिया है। मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। आयुष्मातन योजना के बाद केंद्र सरकार की यह योजना काफी अहम साबित हो सकती है। मोदी सरकार की अन्यै योजनाओं की तरह इस स्की म का लाभ लाखों लोगों को मिलेगा। इस स्कीम के मुताबिक अगर कोई सड़क दुर्घटना में घायल



होता है तो एक्सीडेंट की तारीख से लेकर 7 दिनों तक 1,50,000 रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य समय पर इलाज न मिलने की वजह से हर साल सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत की संख्या को कम करना है। वही सड़क परिवहन के डाटा की मानें तो साल 2023 में 4.80 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई थी। मंत्रालय का लक्ष्य है कि 2030 तक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने की संख्या में 50 फीसदी की कमी लाना है।

इस योजना के अलावा केंद्र सरकार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भी चला रही है। इस योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु। होने या विकलांगता होने की स्थिा ति में परिजनों को 2 लाख रुपये मिलते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ देश के सभी नागरिकों को मिलेगा। सड़क मंत्रालय के जानकारी अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो मोटर वाहन की वजह से सड़क पर घायल हो जाता है, वह इस योजना के तहत नगदी उपचार करा सकता है। इस योजना के लिए चुने गए अस्पतालों के अलावा किसी अन्य अस्पताल में इलाज तभी तक रहेगा। जब तक कि पीड़ित की हालत स्थिर नहीं हो जाती।



### शनि जयंती पर विशेष पूजा 27 मई को

**सरायपाली।** नगर के बाजार पारा में स्थित शनि देव मंदिर में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या पर 27 मई मंगलवार को शनि जयंती एवं मंदिर स्थापना दिवस का 18 वर्षगांठ मनाया जाएगा। प्रातः 9 बजे से शनि प्रसन्न नवग्रह शक्ति हवन पूजन कार्यक्रम रखा गया है। वहीं 10:30 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं प्रातः5 बजे से रात्रि 10 बजे तक देव पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पुजारी राजा शर्मा ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# क्षेत्र के प्रसिद्ध साहित्यकार किसान द्वारा रचित यादें का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्षेत्र सहित प्रदेश के ख्यातिनाम साहित्यकार किसान दीवान द्वारा नर्रा में अपने 74वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्षता डॉ. विजय शर्मा कोमाखान ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, डॉ. बन्धु राजेश्वर खरे, टेकराम सेन चमक, डॉ. राजकुमार टंडन, डोमन सिंह टंडन, जगदीश पटेल, लोचन पटेल, जयसिंह दीवान गरियाबंद उपस्थित थे। इस अवसर पर कवि किसान दीवान द्वारा रचित यादें का विमोचन किया गया। यह उनके द्वारा रचित 55वीं कृति है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि सहज, सरल एवं मृदुभाषी किसान दीवान हमारे बागबाहरा अंचल सहित प्रदेश की शान है, वे सदैव हम सबको प्रेरित करते रहते हैं। डॉ. विजय शर्मा, उमेश



भारती गोस्वामी ने कहा कि दीवान का सफर एक शिक्षक से शुरु होकर बड़े साहित्यकार के रुप में देखा जा रहा है। उन्होंने समाज को सही दिशा देने के लिए अनेक उपन्यास, कहानी व काव्य संग्रह समाज को समर्पित किया है। आंचलिक कवि सम्मेलन में शिरकत करते हुए डॉ. बंधु राजेश्वर खरे देर रात तक श्रोताओं को गुदगुदाते रहे। कार्यक्रम का अपने अनूठे अंदाज में संचालन करते हुए साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने अपनी चमक बिखेरते हुए गांव की पीड़ा को अपने अंदाज में बयां करते हुए कहा कि गांव धुरा4, चिखला अऊ माटी, कहां पाबे दाऊ के गोड़ मा, मोरहा सारी, गांव गली क्रांकीट होगे जम्मो पेड़ नदांत हे, गुड़रिया चिरई बिना मोर अंगना सुन्ना होगे, जब ले मोर गांव शहर होगे। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. राजकुमार टंडन, उमेश भारती गोस्वामी, डॉ. विजय शर्मा, परमेश्वर पटेल, जयसिंह दीवान, कोसमी गरियाबंद ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचनाओं से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान गोविन्दा चंद्राकर (गोविन्दा फाऊंडेशन), व्याख्याता डोमन टंडन, लक्ष्मीधर चंद्राकर, भूषण सिरमौर, गजराज पांडेय, हितेश, गितेश दीवान सहित पूरा दीवान परिवार सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक व आभार प्रदर्शन हितेश दीवान ने किया।

**कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक पुरन्दर मिश्रा**

# पत्रकार कल्याण महासंघ ने मनाया तृतीय स्थापना दिवस व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा तृतीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह राजधानी के वृन्दावन हाल में पुरन्दर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ पत्रकार शिक्षाविद् मधुकर द्विवेदी की अध्यक्षता एवं मीनल चौबे महापौर नगर निगम रायपुर, अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग छग, डॉ देवधर महंत कवि साहित्यकार, महेन्द्र जायसवाल समाज सेवी, संत लखन मुनि साहेब प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, डॉ पीके तिवारी प्रधान, निशांत भाई विशिष्ट अतिथियों, प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान की उपस्थिति में हुआ।

विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग जायज है। निश्चित रूप से इन बातों को मुख्यमंत्री के पास रखा जाएगा। पत्रकार समाचार संकलन और समाज को आईना दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे ने कहा कि निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करें। मैं पत्रकारों का सम्मान करती हूं। विशिष्ट अतिथि डॉ देवधर महंत ने कहा कि पत्रकारिता एक कठिन तपस्या है। अपने आपको आम जनता के



हितार्थ तपाना पड़ता है। वरिष्ठ पत्रकार शिक्षाविद् मधुकर द्विवेदी ने कहा कि शहरी पत्रकार और आंचलिक पत्रकार में फर्क है। आंचलिक पत्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर समाचार संकलन करते हैं और आम जनता के हित में सरकार तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता एक पेशा नहीं है, बल्कि यह तो जनता की सेवा का माध्यम है।

सम्मान समारोह को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, जय प्रकाश यादव, पंडित पीके तिवारी, निशांत भाई, दिनेश नामदेव, सखाराम चौधरी संचालक गोविंद गौशाला, हनुमान नायक ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण अभय धृतलहरे जिला महासचिव महासमुंद ने किया। आभार प्रदर्शन प्रवीण खरे प्रदेश महासचिव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेकानंद दास ने किया। कृषि, शिक्षा, कला, संस्कृति, चिकित्सा, पत्रकारिता व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तिओं का सम्मान किया गया।

तृतीय स्थापना दिवस पर प्रमुख रूप से आरबी वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष, मनोज गोयल प्रदेश सलाहकार, इस्माइल खान प्रदेश उपाध्यक्ष, आरके दास प्रदेश सचिव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश सिन्हा, उत्तर कौशिक, प्रदीप चौधरी, दिनेश नामदेव, सादिक रजा संभागीय प्रभारी दुर्ग, गेंद दास मानिकपुरी जिलाध्यक्ष महासमुंद, गेवेन्द्र काले उपाध्यक्ष, देवराज साहू जिला सचिव, कुंज राम रात्रे, जीवन ध्रुव, दीपक देवांगन जिलाध्यक्ष बालोद, असवन साहू जिला महासचिव बालोद, सपना माधवानी ब्लॉक अध्यक्ष गुण्डरदेही, लोचन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, अरूण साहू ब्लॉक अध्यक्ष, लिलेश्वर निषाद, देव प्रधान, अशोक प्रधान, लिलेश्वर कोसरिया सहित पत्रकारगण सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

